मुख्यमंत्री फ्लैगशिप योजना : 25 छात्राओं को दी स्कूटी

नवज्योति/पाली।

शहर के बांगड़ कॉलेज में शुक्रवार को मुख्यमंत्री फ्लैगशिप योजना के तहत संचालित कालीबाई भील स्कूटी योजना एवं देवनारायण स्कूटी योजना

के तहत छात्राओं को स्कूटी का वितरण किया गया। जिला नोडल अधिकारी डॉ. अपूर्व माथुर के अनुसार सत्र 2021-22 में पाली जिले के राजकीय व निजी महाविद्यालयों की 111 छात्राओं का वरियता के आधार पर चयन किया, जिसमें 64 स्कूटियों प्राप्त हो चुकी हैं। जिन छात्राओं के नाम पंजीकरण हो चुका उनमें से 25 छात्राओं को स्कूटी का वितरण किया गया, वहीं बाकी 39 छात्राएं जिनके नाम स्कूटियों का पंजीकरण हो चुका है उन्हें जल्द स्कूटी वितरण कर दी जाएगी। इस दौरान मुख्य अतिथि के रुप में केवलचंद गुलेच्छा, विशिष्ट अतिथि महावीर सिंह सुकरलाई, आमीन डायर, भंवरराव, प्रकाश सांखला, धनराज आंजना मौजूद रहे। अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन एवं स्कूटी वितरण में मोतीदास वैष्णव, अल्ताफ हुसैन व ओम प्रकाश की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर दीप्ति चतुर्वेदी ने किया।